कार्यालय–प्राचार्य
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा
(अग्रणी महाविद्यालय) जिला–कबीरधाम, छत्तीसगढ़
E-mail:govtpgcollege.kawardha@gmail.com

कमांक ९१६०/स्था./अतिथि व्या./2023 कवर्धा, दिनांक 07.10.2023

// अतिथि व्याख्याता हेतु आमंत्रण //

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 504/126/आउशि/राज.स्था./2023 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10.07.2023 के परिपालन मे आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा में निम्न रिक्त पदो के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जिसकी अंतिम **तिथि 20.10.2023 शाम 5:30 बजे तक** है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर महाविद्यालय में जमा किये जा सकते है। इस तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जायेगा।

क्र.	विषय का नाम	पदों के नाम	रिक्त पदो की संख्या
01	बी.सी.ए.	सहायक प्राध्यापक	01
		योग	01

टीप :–

1. उपरोक्त पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर 55 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होना चाहिए, परंतु अनुसूचति जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्युनतम अंक 50 प्रतिशत होनी चाहिए। संबंधित विषय में पी.एचडी/नेट/सेट/एफ.फिल उपाधी प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. मेरिट तथा वरियता सूची उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ शासन के निर्देशानुसार तैयार की जावेगी।
3. चयनित उम्मिद्ववारों को प्रति व्याख्यान 300/–रू (अक्षरी – तीन सौ रू. मात्र) जो प्रति दिवस 1200/– (अक्षरी बारह सौ रू. मात्र) तथा प्रतिमाह अधिक्तम 31200/रू (अक्षरी इक्तीस हजार दो सौ रू. मात्र) सीलिंग के अधीन भुगतान होगा।
4. अतिथि व्याख्याताओं की सेवाये भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानिक (Preferential Treatment) बर्ताव के हकदार होंगे।
5. यह एक वैकल्पिक एवं पूर्णता अस्थाई व्यवस्था है। शासन द्वारा नियमित नियुक्ति/स्थानांतरण से उक्त पदो पर प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक द्वारा कार्यभार ग्रहण करने/बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थिति/अनुशासनहीनता/कार्य संतोषजनक न होने अथवा महाविद्यालय में आवश्यकता नही होने पर इस व्यवस्था को बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त करने का अधिकार प्राचार्य को होगा।
6. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
7. आवेदक अपना मोबाईल नं. आवेदन फार्म में अवश्य लिखे। आवेदक लिफाफे के ऊपर अतिथि व्याख्याता, विषय एवं पद का नाम अनिवार्य रूप से लिखें।
8. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नही माने जायेंगे।

9. अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करने की स्थिति में ही अधिभार अंक देय होगा।
10. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित न हो तथा शासकीय/अर्द्ध शासकीय सेवक न हो इस आशय का कार्यभार ग्रहण करते समय शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजो सहित आवेदन पत्र दिनांक **07.10.2023 अपरान्ह से 20.10.2023** तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नही किया जायेगा। ई-मेल से भेजे गये आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

प्राचार्य
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा
जिला – कबीरधाम(छ0ग0)

Principal
A.P.S.G.M.N.S.
Govt.P.G. College
Kawardha

पृ.क्रमांक 918 स्था./अतिथि व्या./2023 कवर्धा, दिनांक 07-10-2023

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सी. 03 द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रावती भवन अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय .... सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करे।
3. स्थापना शाखा आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा कवर्धा जिला कबीरधाम नस्ती हेतु।

प्राचार्य
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा
जिला – कबीरधाम(छ0ग0)

Principal
A.P.S.G.M.N.S.
Govt.P.G. College
Kawardha